प्रेस विज्ञप्ति

नियमित रक्त की आवश्यकता पडनें वाले रक्त्त रोगी जो या तो अनुवांशिक अथवा किसी और कारणवश रोगों से जैसे थैलेसिमिया, हीमोफिलिया, एप्लास्टिक एनिमिया से ग्रसित हैं, इनकी संख्या में बराबर बढोत्तरी हो रही है गोरखनाथ ब्लड बैंक ऐसे रोगियों को निःशुल्क बिना रक्तदाता के रक्त उपलब्ध कराता है ऐसे रोगियों के पास रक्तदाताओं कि कमी होती है। इस वर्ष जनवरी से मार्च तक लगभग पचास से अधिक ऐसे रोगियों को निःशुल्क तथा बिना रक्तदाता के रक्त उपलब्ध कराकर इनकी सहायता करते हुए इनके प्राणों की रक्षा करने मे सहयोग किया है, परन्तु अब इस विषाणु

संक्रमित वैश्विक महामारी के काल में ब्लड बैंक रक्तदाताओं की भीषण कमी से जूझ रहा है, ऐसे विषम परिस्थितीयों में उपरोक्त रोगियों तथा उनके परिजनों से करबद्ध विनम्र निवेदन यह ब्लड बैंक करता है कि इस महामारी के काल खंड में रक्त प्रदान करते समय रक्तदाता की व्यवस्था करने का यथा संभव प्रयास करें। इसके अतिरिक्त हम लगातार जनमानस से भी यह अपील करते आ रहे हैं कि ब्लड बैंकों में जाकर रक्तदान करें तथा ब्लड बैंक को सुचारु रुप से चलाने में तथा उन्हें अनवरत रक्त आपूर्ति करने में सहयोग करें हमारे इस अपील का तत्काल प्रभाव हुआ जब श्री संजय त्रिपाठी जी, आजाद नगर गोरखपुर जो यांत्रिक कारखाना पूर्वोत्तर रेलवे में कार्यरत है एवम अखिल भारतीय कर्मचारी संघ का सदस्य हैं इन्होंने ब्लड बैंक में आकर स्वः रक्तदान किया ब्लड बैंक श्री संजय त्रिपाठी जी के प्रति अनुग्रहित है एवं उनके उत्तमोत्तम सवास्थ्य की कामना करता है। यह जानकारी ब्लड बैंक प्रभारी डाक्टर अवधेश अग्रवाल ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से साझा की